पाठ 8. माँ का साहस

पाठ का परिचय

हरिद्वार के पास मैनपुर नामक एक छोटा-सा गाँव है। इस गाँव के पास से होकर गंगा बहती थी। मैनपुर गाँव के लोग वैसे तो अपने जीवन से संतुष्ट थे लेकिन जंगली जानवरों का आतंक उन्हें चैन से जीने नहीं देता था। एक दिन अँधेरा होने पर एक जंगली भेड़िया एक चरवाहे को झाड़ियों में ले गया और उसे खा गया। इस घटना से सभी और भी परेशान थे। एक दिन सुबह चार बजे धनराज की बहू अपने छोटे बच्चे को यह समझ बिस्तर पर छोड़कर चक्की चलाने चली गई कि उसके ससुर सो रहे हैं। लेकिन धनराज तो मुँह अँधेरे उठकर सैर करने चले गए थे और उनकी जगह एक मादा भेड़िया वहाँ आकर सो गई थी। जब धनराज की बहू वापस लौटी तो बच्चा गायब था। जब ससुर ने उसे बताया कि वह तो मुँह अँधेरे ही चला गया था तो यह सुनकर बहू को यह समझते देर नहीं लगी कि भेड़िया ही उसके बच्चे को उठाकर ले गया। अपने बच्चे को पाने के लिए उसने अपनी जान की बाज़ी लगा दी। बच्चा झाड़ियों में मादा भेड़िये के पास था। अपनी माँ को देख बच्चा उसकी ओर आने लगा लेकिन माँ ने आगे बढ़ने का साहस नहीं किया कि कहीं भेड़िया उसके बच्चे को नुकसान न पहुँचाए। जब धनराज की बहू ने साहस कर भेड़िये के सामने अपने बच्चे की भीख माँगी तो मादा भेड़िया उसके बच्चे को वहाँ छोड़ जंगल की ओर चली गई। माँ ने बच्चे को गोद में उठा लिया और सोचने लगी कि मनुष्यों से अच्छे तो ये जंगली जानवर ही हैं।

पाठ में निहित जीवन-मूल्य

माँ का प्यार अमूल्य होता है। उसमें बहुत शक्ति होती है। वह अपने बच्चे को मौत के मुँह में से भी निकाल लाती है। हमें माँ के इस प्यार को कभी नहीं भूलना चाहिए। हमेशा माँ के प्रति आदर व प्यार का भाव बनाए रखना चाहिए।

पाठ का वाचन

बच्चों को पाठ की कहानी मौखिक रूप से सुना दें। अब बच्चों को पाठ का मौन वाचन करने को कहें। पाठ पढ़ लेने पर पाठ से संबंधित छोटे-छोटे प्रश्न बच्चों से करें।

गाँव का नाम क्या था? गाँव के पास कौन-सी नदी बहती थी? सूर्यास्त होने पर लोग क्या करते थे? चरवाहा क्या कर रहा था?

बच्चों को पाठ में आए कठिन शब्दों के अर्थ बताएँ। पाठ को एक बार स्वयं भी कक्षा में शुद्ध उच्चारणसहित पढ़ें।

महत्वपूर्ण चर्चा

निम्नलिखित प्रश्नों पर आधारित चर्चा कक्षा में करें –

- क्या तुम समझते हो कि माँ का प्यार सर्वश्रेष्ठ होता है?
- माँ को पूजनीय क्यों कहा जाता है?
- माँ के प्यार में शक्ति होती है, क्या यह बात सच है?
- जानवर भी अपने बच्चों से प्यार करते हैं, यह तुमने कभी कहीं देखा है?
- कुत्ते, बिल्ली या फिर शेर सभी बच्चों को प्यार करते हैं, इसे स्पष्ट करके बताओ।